आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 शुक्रवार 01.05.2026

मुख्य समाचारः—

1— आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज से प्रदेश में "सुशासन तिहार" शुरू—मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक व्यवस्था को जनकेन्द्रित और संवेदनशील बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश।

2— छत्तीसगढ़ में जनगणना — दो हजार सत्ताईस के तहत मकान सूचीकरण और गणना का कार्य आज से शुरू।

3— महात्मा गौतम बुद्ध के जन्म दिवस के अवसर पर आज मनाई जा रही बुद्ध पूर्णिमा—वहीं, श्रमिक दिवस पर आज प्रदेश में हो रहे विभिन्न कार्यक्रम।

4— मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश में गरज—चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

सुशासन तिहार

आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज से प्रदेश में "सुशासन तिहार" शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रशासनिक व्यवस्था को जनकेन्द्रित और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं कि वे आम लोगों के साथ शालीनता, धैर्य और सम्मान के साथ व्यवहार करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आगाह किया कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समाधान पर केन्द्रित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं औचक निरीक्षण कर जनसमस्याओं के निराकरण तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

सुशासन तिहार के दौरान विभिन्न दफ्तरों में पहले से लंबित मामलों का सबसे पहले निराकरण किया जाएगा। इसमें भूमि संबंधी मामलों, मनरेगा भुगतान, प्रमाण पत्र, बिजली और हैंडपंप से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

जनगणना

छत्तीसगढ़ में जनगणना — दो हजार सत्ताईस के तहत मकान सूचीकरण और गणना का कार्य आज से शुरू हो गया है। तीस मई तक चलने वाले इस कार्य के दौरान प्रगणक घर—घर जाकर आवासीय और गैर—आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। इस दौरान आम नागरिकों से तैंतीस सवाल पूछे जाएंगे। यह पूरी प्रक्रिया मोबाइल ऐप के माध्यम से संपादित की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रगणक किसी भी नागरिक से वन टाईम पासवर्ड की मांग नहीं करेंगे और न ही कोई लिंक साझा करेंगे। केवल फोटोयुक्त अधिकृत पहचान पत्र वाले कर्मचारियों को ही जानकारी दें। साथ ही प्रशासन ने यह भी कहा है कि जनगणना के दौरान एकत्रित सभी व्यक्तिगत जानकारियां गोपनीय रखी जाएंगी। इनका उपयोग किसी भी प्रकार के कर निर्धारण, पुलिस जांच या न्यायिक साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकेगा और न ही सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत इनकी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

विस—महिला आरक्षण

राज्य विधानसभा में कल संसद और विधानसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने से संबंधित शासकीय संकल्प पारित हो गया। यह संकल्प सरकार द्वारा पेश किया गया था। इस संकल्प पर विधानसभा में करीब दस घंटे चर्चा हुई, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने भाग लिया। हालांकि, चर्चा के बाद संकल्प के पारित होने से पहले ही विपक्ष ने सदन से बहिष्कार कर दिया ।

इससे पहले, चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए संसद और सभी विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण

सुनिश्चित किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रयासों से देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भूमिका मिलेगी और विकास अधिक समावेशी और प्रभावी बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध ळें

नागरिकता–संशोधन नियम

केन्द्र सरकार ने नागरिकता–संशोधन नियम, दो हजार छब्बीस को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत ओसीआई कार्ड पंजीकरण अब पूरी तरह डिजिटल होगा। नए नियमों में ई–ओसीआई, बायोमेट्रिक आधारित फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन और नाबालिगों के लिए दोहरे पासपोर्ट पर पाबंदी जैसे प्रावधान शामिल हैं।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने नागरिकता अधिनियम, दो हजार नौ में संशोधन किए हैं। इस बदलाव का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और तेज बनाना है। मंत्रालय ने कहा है कि कोई भी नाबालिग बच्चा भारतीय पासपोर्ट के साथ–साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकता है।

समाधान समारोह

सर्वोच्च न्यायालय ने आम जनता के लिए न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने की दिशा में समाधान समारोह–दो हजार छब्बीस की अभिनव पहल की है। यह समाधान समारोह बीते इक्कीस अप्रैल से शुरू हो चुका है। इसका समापन आगामी इक्कीस, बाईस और तेईस अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगा। इसका उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति और सुलह के माध्यम से निराकरण करना है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के तहत सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला और जनपद स्तर पर राष्ट्रीय विधिक और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित मध्यस्थता केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है।

कमर्शियल सिलेंडर–कीमत

एलपीजी के उन्नीस किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानवे रुपये की बढ़ोतरी की गई है। संशोधित कीमत आज से प्रभावी हो गई है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

बुद्ध–पूर्णिमा

महात्मा गौतम बुद्ध के जन्म दिवस के अवसर पर विश्वभर में आज बुद्ध पूर्णिमा मनाई जा रही है। आज ही के दिन उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति भी हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं।

श्रमिक दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देषों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष एक मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। श्रमिक दिवस पर आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेष में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर श्रमिकों का सम्मान किया गया तथा श्रमिकों को श्रम कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर प्रदेष के समस्त श्रमवीरों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

स्वास्थ्य–उपलब्धि

छत्तीसगढ़ ने जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल समिट में राज्य को फायलेरिया और मलेरिया उन्मूलन के लिए अपनाई गई नवाचारी पहलों के लिए सम्मानित किया गया है। फाइलेरिया उन्मूलन में बिहान से जुड़ी स्व–सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।

राष्ट्रीय जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान रायपुर में ''विज्ञान आधारित पोषक तत्व प्रबंधन को अपनाना'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। किसान फर्स्ट कार्यक्रम के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के दौरान विशेषज्ञों ने विशेष रूप से यूरिया और डीएपी के अत्यधिक उपयोग को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे उपायों पर कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल दो मई को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश में गरज–चमक और बिजली गिरने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान पचास किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के चार जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें रायपुर, मुंगेली, बेमेतरा और कबीरधाम जिले शामिल हैं। वहीं, दुर्ग, बिलासपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, महासमुंद, राजनांदगांव, गौरेला पेंड्रा मरवाही, कोरिया और जांजगीर चांपा जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में तेज हवा के साथ हल्की बारिष हो सकती है।

इस बीच, गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में आज दोपहर फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले छत्तीस घंटों के भीतर तीसरी बार है जब भूकंप के झटके महसूस किए गए।

समर–कैम्प

कला केन्द्र रायपुर में आज से पन्द्रह दिवसीय समर कैम्प शुरू हो गया है। इस दौरान बच्चों को गायन, वादन, गिटार, की–बोर्ड, नृत्य, क्लेआर्ट, पेटिंग, माटी कला और ताइक्वांडों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैम्प के पहले बैच के लिए अब तक एक सौ पैंतीस से अधिक बच्चों का पंजीयन हो चुका है। कैम्प का समय सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े नौ बजे तक निर्धारित है। गौरतलब है कि कैम्प का पहला चरण पन्द्रह मई तक चलेगा।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ माध्यमिक षिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और उत्तर पुस्तिका की छाया प्रति के अवलोकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी चौदह मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

– कोष, लेखा और पेंशन संचालनालय ने जुलाई से अक्टूबर के बीच लेखा प्रषिक्षण सत्र आयोजित करने की घोषणा की है। इसके लिए आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक कर्मचारी उनतीस मई तक आवेदन कर सकते हैं।

– बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में आज सड़क हादसे में एक डिलीवरी बॉय की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>